हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

10 सतनामी युवक- युवती परिचय सम्मेलन ....

12 कोसमंदा की कथा में मातृ-पितृ भक्ति का किया वर्णन




## आक्रोश : कांग्रेस पार्टी के नेता भगवान श्रीराम के विरोधी है: भाजयुमो

# भाजयुमो ने फूंके भूपेश और टीएस सिंहदेव का पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहूल टिकरिहा के आव्हान पर जिला अध्यक्ष प्रणम्य पाण्डेय के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस नेता टी एस सिंह देव का गार्डन चैक बलौदाबाजार में पुतला दहन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का आज प्रदेश भर में पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया।

इस दौरानभाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, विजय केसरवानी, महामंत्री कृष्णा अवस्थी, संकेत शुक्ला, आलोक अग्रवाल, युवा मोर्चा से जिला अध्यक्ष प्रणम्य पाण्डेय, प्रदेश मंत्री मोरध्वज पैंकरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा, महामंत्री अंजय श्रीवास, मण्डल अध्यक्ष अजय गर्ग, वासुदेव ठाकुर, आशीष टोडर, दरवेश हबलानी, काकेत हदवानी, विकास गुप्ता, मोरध्वज, लोकनाथ, गौतम सिंह चैहान, आयुष शर्मा, राजा साहू, सौरभ, कामेश वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, आकाश सिंह, दुर्गेश साहू, सुरेन्द्र, डागेशर, मनीष चैरसिया, सुमीत यदु, सागर पाण्डेय, पीयुष साहू, वेदान्त रजक, पंकज गुप्ता, शालीन शर्मा, नीलकंठ साहू, अविनाश शर्मा, साहित भाजयुमो कार्यकर्ता एवं सनातनी उपस्थित रहे।



### कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार किया अपमानितः टिकरिहा

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार अपमानित किया हैं, हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन सुनने और शिव-भक्ति के लिए गाँव-गाँव, गली-गली में आबाल-वृद्ध नर-नारी उमड़ पड़े हैं। हमें गर्व है कि धीरेंद्र शास्त्री भगवान बागेश्वर धाम की महिमा बता रहे हैं। उन्होंने सनातन को जागृत करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों से दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें संरक्षण देने वाले को सनातन धर्म एवं हमारे साधु-संतो पर बोलने का अधिकार नही है और यही कांग्रेस पार्टी जो लगातार सनातन का विरोध करती है वे अब कुछ राज्यों तक ही सीमित हो गए है और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं होगी।

### साधु संतों के अपमान के विरोध में किया प्रदर्शन

पलारी। रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल पलारी अध्यक्ष भोला वर्मा के नेतृत्व में साईं मंदिर चौक के पास पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का पुतला फूंका। भाजयुमो अध्यक्ष भोला वर्मा ने कहा यह देश साधु संतों का देश है, सभी प्रकार के जाती धर्म के लोग यहां निवास करते है जिस प्रकार से कांग्रेस के नेताओं ने साधु संतों का अपमान पाखंड जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है बहुत निंदनीय है भाजयुमो इसका पुरजोर विरोध करती है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष सनकुमार साहू, तुका वर्मा, लोकेश यद्दु, गौतम यादव, योगेश वर्मा, हितेश साहू, जितेंद्र देवांगन, प्रमोद देवांगन, भूमेश धेनुसेवक, चुनेश सेन, ऋषभ चौबे, परमेश्वर साहू, विकास साहू, चेतन देवांगन, लिमेश वर्मा, मोहन धीवर, अजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे



## खबर संक्षेप



### वीबीजीरामजी योजना का जोर-शोर से हो रहा प्रचार-प्रसार

**गोपालपुर** | विकसित भारत जी राम जी विधेयक 2025 विकसित भारत के साथ संयोजित एक सांविधिक संरचना के साथ मनरेगा के स्थान लेता है। रोजगार गारंटी को प्रति ग्रामीण परिवार को बढ़ाकर 125 दिनो कर दिया गया है। जिससे आय सुरक्षा सुदृढ़ होगा। इसी आदेश के पालन मे जनपद पंचायत बिलाईगढ़ मे पंचायतो मे ग्राम सभा आयोजित कर वी बी राम जी योजना को समझा एवं प्रचार कर रहे है | महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को संशोधित कर वीबी जी राम योजना के नाम दिया गया है। जोशी खुटे रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत बिलाईगढ़ 95% पंचायतो ग्राम सभा आयोजित कर वीबी जी राम जी के संबंध मे विस्तार से समझाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा ले रहे हैं।

### देशी प्लेन व व्हिस्की शराब बरामद

**महासमुंद**। शहर में कोतवाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन व व्हिस्की शराब जब्त किया है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद तुमाडबरी रोड आत्मानंद स्कूल के पास आरोपी यश सोनटके पिता गंगासागर सोनटके (19 साल) निवासी जेल पारा बेमचा थाना व जिला महासमुंद के कब्जे से 70 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 5600 रुपए और 30 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की कीमत 3600 रुपए कुल 9200 रुपए की शराब बरामद किया। आरोपी के कब्जे से एक्टिवा कीमत 30, 000 रुपए को भी जब्त किया गया है। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) का अपराध के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ व देशी प्लेन शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद**। महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को 27 दिसंबर को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सुवरमार पहाड़ के नीचे आम पेड़ के पास शराब बिक्री कर रहा है। सूचने मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम तजेश्वर टंडन पिता संतोष टंडन (19 साल) सुवरमार थाना कोमाखान होना बताया। आरोपी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब कुल कीमत 6000 रुपए एवं बिक्री रकम 500 रुपए को जब्त किया।

### पिता और जीजा ने कर दी पिटाई

**महासमुंद**। वसीयत को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ उसके पिता और जीजा ने जमकर पिटाई कर दी। मामला ग्राम डुडुमचुवा सरायपाली का है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को भुनेश्वर यादव निवासी ग्राम डुडुमचुंवा ने बताया कि 26 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे घर में सभी बैठे थे। हाल में उसकी बड़ी मां ननकी बाई का देहांत हो गया था, उसका दशकर्म किये हैं, इसी बात पर चर्चा हो रही थी। मेरे द्वारा घर-परिवार में बताया गया कि बड़ी मां ननकी बाई यादव ने वर्ष 2013 में अपनी जमीन और घर को प्रार्थी के नाम पर वसीयत की है। जब उसने ऐसा कहा तब पिता जगत राम यादव तथा जीजा सुशील कुमार यादव के द्वारा तू अकेले कैसे ले लेगा कहते हुए गाली गलौज कर एक राय होकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। जिससे वह बेहोश हो गया था। होश आने पर डायल 112 के जरिए शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती किया गया।


# दो किलो गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

पुलिस ने स्कूटी से परिवहन करते दो किलो गांजा को जब्त कर लिया है। मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक के अलावा दो लोगों पकड़ा गया है। परिवहन करने वाले वाहन को भी जब्त कर लिया है।

■ साइबर सेल एवं थाना पलारी पुलिस की कार्रवाई एनसीटीई

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा अ सा मा जि क तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड़ व कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर 27 दिसंबर को को साइबर सेल एवं थाना पलारी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमेरा से ग्राम छेरकापुर जाने वाली मार्ग में नाकाबंदी कर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री करने की फिराक में लगे हुए आरोपी विशाल साहू एवं विधि से संघर्षरत एक बालक को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस



टीम द्वारा पहले आरोपियों तथा स्कूटी का सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से एक थैला में अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कराया गया। तौल में 2.004 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसे विधिवत जब्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 16 रुपए बताया जा रहा है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 22 एई 5734 को जब्त किया गया। प्रकरण में थाना पलारी में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 544/2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## एनएसएस शिविर में स्वच्छता और सेवा कार्यों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय आवासीय शिविर के समाप्ति, शीतकालीन अवकाश के बाद एवं अंग्रेजी नववर्ष के आगमन के पूर्व नियमित गतिविधि के अंतर्गत शाला परिसर की साफ सफाई एवं क्यारियों का रंग रोदन किया गया। दल नायक मानव निषाद के नेतृत्व में शाला




परिसर में रोपित पौधों को पानी दिया गया।

दल नायिका मीनाक्षी कोसले द्वारा स्वयंसेवकों को नशा से दूर रहकर सेवा कार्य को दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी द्वारा स्वयं सेवकों को नैतिक शिक्षा के साथ अब मुख्य परीक्षा में ध्यान देने की बात कही ताकि वार्षिक परीक्षा में अच्छे प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हो सके। संस्था के प्राचार्य सी के नायक ने स्वयंसेवकों द्वारा समय समय पर किए जा रहे सेवा कार्य से व्यक्तित्व निर्माण की बात कही। कार्यक्रम में सीमा पाल, वंदना वर्मा, पूर्णिमा गजेंद्र, भारती निषाद, आकांक्षा निषाद, जितेंद्र यादव, मुस्कान चतुरे, लक्ष्मी चेलक, डिंपल, हेमा, मीनाक्षी साहू सहित पचास स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

## 28 तीर्थयात्रियों की बस रायपुर-अयोध्या के लिए रवाना




**भाटापारा**। रामलाल तीर्थयात्री जनपद पंचायत भाटापारा से 28 यात्रियों को लेकर बस से रायपुर के लिए रवाना हुए, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के भोला वर्मा भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष पवन वर्मा एवं पंचायत इंस्पेक्टर सनत कुमार ध्रुव एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रायपुर एवं अयोध्या हेतु रवाना किया गया।

## कम्युनिटी इन्बैकमेट निर्माण कार्य से ग्रामीणों को मिला रोजगार

**गोपालपुर** | जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धौराभाठा के आश्रित ग्राम साजपाली मे कंस्ट्रक्शन आफ इन्बैकमेट ऑफ कम्युनिटी के



कार्य छींद तालाब के पास कार्य चल रहा। उक्त कार्य मे ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। ये कार्य वीबी जी राम जी योजना के तहत स्वीकृति मिला है। जिसकी स्वीकृति 20 लाख का है मजदूरों ने कार्य मिलने पर खुशी जाहिर किये है।

# धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

कसडोल विधायक संदीप साहू ने धान खरीदी केंद्रों में हो रही व्यापक पैमाने पर अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने प्रेस से कहा कि किसानों की खून पसीना एक कर उनकी गाढ़ी कमाई पर कांटा मारा जा रहा है उन्होंने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में तौल पर आधा से 1 किलो अधिक धान लिया जा रहा है जो सीधा सीधा किसानों के जेब पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने धान खरीदी लिमिट पर भी सवाल उठाए हैं, विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा धान खरीदने की नही है, किसानों की धान धीमी गति से खरीदी जा रही है जिससे किसानों का समय पर धान नही बिकेगा उन्होंने तत्काल किसानों की धान खरीदने लिमिट बढ़ाने की मांग की है।



■ धान खरीदी की धीमी रफ्तार और लिमिट पर उठाए सवाल

पलारी में साल 2024-25 में 45274 क्विंटल धान खरीदी हुई थी वही 2025-26 में अभी सिर्फ 20130 क्विंटल ही धान खरीदा गया है इसी प्रकार दतान समिति में पिछले साल लगभग 69 हजार क्विंटल खरीदी हुई है, इस साल 45 दिनों में करीब 31 हज़ार क्विंटल ही धान की खरीदी हो पाई है ऐसे में सिर्फ 22 दिनों में आधे से ज्यादा बचे धान कैसे खरीदेंगे ? इसी तरह का हाल सभी खरीदी केंद्रों की है। जिस पर विधायक साहू ने तत्काल धान बेचने की लिमिट और समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। वही ज्यादातर केन्दों में धान उठाव प्रारंभ नही हुआ है और जंहा उठाव हो रहा है वहा की गति धीमी है। धान खरीदी केन्दों से उठाव तेज करने की मांग की है।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया

# कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। साथ ही संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश वैष्णव, परमेश्वर यदु आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के इतिहास एवं संघर्ष के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी की आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई हैं। उन्होंने आगे बताया कि आजादी के बाद कांग्रेस नेतृत्व सरकार ने देश में गरीबों कमजोर वर्गो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लोगों के भलाई के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं बनाई। कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में आधुनिक भारत के निर्माण के लिए अनेक कार्य किए गए, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, सिंचाई,की स्थापना की गई जो कि देश के विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बना। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुनीत राम साहू, केदार निर्मलकर ने कांग्रेस का इतिहास बताते हुए कांग्रेसजनों से अपील की कि वे एकजुटता पूर्वक कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करें। उपस्थित नेताओं द्वारा उनका श्रीफल, शाल भेंट कर सम्मान किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, मोतीलाल वर्मा, खिलेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, पार्षदगण शेख सलमान, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, सुरेश घृतलहरे, गोविंद पात्रे, सुभाष राव, कालिंद्री वर्मा, पद्मेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, लखेश साहू, अविनाश मिश्रा, सुखदेव साहू, अर्जुन सेन, यशवंत वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, दिगम्बर साहू, गोल्डी मरैय्या, आयुष भतपहरी, शशिकांत वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 160 मरीज का हुआ चेक अप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

ग्राम पंचायत ओटगन में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड सरोरा के सौजन्य से शनिवार को पंचायत भवन में निःशुल्क आई कैंप व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें ओम हास्पिटल के डाक्टरों द्वारा जनरल चेक अप 160 ग्रामीणों का किया गया। वहीं विशिष्टता के 06 व मोतियाबिंद के 09 मरीज मिले जिन्हें एमजीएम आई हॉस्पिटल रायपुर ऑपरेशन के लिए भेजा गया।

इससे पूर्व स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सरपंच हिमांशु तिवारी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि संभव ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### बाबा जयंती समारोह में शरीक हुए तुषार


**महासमुंद।** ग्राम जोबा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। पूर्व जनपद सदस्य विक्रम महिलांग के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चंदन, फूल माला,गमछा पहनकर स्वागत किया गया। तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास (1756–1850) भारत के एक सन्त थे, जो छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी गांव में पिता महंगुदास एवं माता अमरौतिन के यहां अवतरित हुए थे। वे सतनाम पंथ जिसे आम बोलचाल में 'सतनामी समाज' कहा जाता है, के प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया।

### भाजपा सरकार में ग्राम जनप्रतिनिधियों का हो रहा शोषण: अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ



नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है पूरे प्रदेश का हाल हर क्षेत्र में बहुत बुरा है। बिजली बिल बढ़ोत्तरी, शराब दुकान में बढ़ोत्तरी, जमीन की कीमतों में वृद्धि, महंगाई में वृद्धि, भ्रष्टाचार में वृद्धि, चोरी, चाकू बाजी में वृद्धि, गोली कांड, बलौदाबाजार कांड, अम्बिकापुर में जंगलों का काटा जाना और तो और मां सीता के स्थान को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसी प्रकार नई सरकार बनने के पश्चात से नवनिर्वाचित ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के मुंह से निवाला तक छीना जा रहा है। अंकित ने बताया कि सभी सरपंच दबी जुबान से बता रहे है कि पहले एक प्रशासनिक कार्यक्रम सांसद खेल महोत्सव तेंदूकोना में हुआ था तो ये प्रशानिक कार्यक्रम पर भी प्रत्येक पंचायतों से 5 हजार की मांग किया गया है ऐसा बताया जा रहा है और तो और खेल में शामिल होने गए लोगों के लिए वाहन व्यवस्था भी पंचायत से ही करवाया गया। इसी प्रकार हाल फिलहाल में हुए सुशासन शिविर सम्पन्न होने के बाद भी प्रशासनिक कर्मचारियों के माध्यम से सरपंचों से 5 हजार की मांग की जा रही है।



### पचेड़ा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा में सतनामी समाज द्वारा 30 दिसंबर को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मनाई जाएगी। इस मौके पर 12 बजे से बालिका पंथी पार्टी चोरभट्ठी रायपुर की प्रस्तुति होगी। दोपहर 3 बजे समाज प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। शाम 5 बजे अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

**आक्रोश : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध**

# बांग्लादेशी जिहादियों और मोहम्मद यूनुस सरकार का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

बांग्लादेश में हिंदू भाईयों पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार के खिलाफ सर्व हिंदू समाज झलप द्वारा बांग्लादेशी जिहादियों एवं मोहम्मद यूनुस सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करके पुतला फूंका गया। निर्दोष हिन्दुओं की हत्या किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पूरी दुनिया को यह समझना होगा कि हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ अब चुप्पी नहीं, एकजुट होकर आवाज़ जरूरी है।



गत दिनों बांग्लादेश के चटगांव जिले में ऐसी घटना हुई है, जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपू दास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही, जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईशनिंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया। जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट-पीट कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। आतंक फैलाने के लक्ष्य से दीपू की मृत शरीर को पेड़ से लटका कर जलाया और इन सब हिंसक बर्बर घटनाओं के विडियो सोशल मीडिया में तत्काल प्रसारित किए गए। यह सारा घटनाक्रम पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हुआ और उन्होंने इसे रोकने की कोई कोशिश नहीं की। ये जिहादी इतने में नहीं रुके दीपू दास के हत्या के कुछ दिन बाद ही अमृत मंडल नाम के युवक की जिहादियों की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। बांग्लादेश का पूरा प्रशासन और समाज हिंसक और बर्बर इस्लामी जिहादी तत्वों के हिंदू विरोधी नंगे नाच पर मौन साधे हुए है और निष्क्रियता से उन्हें प्रोत्साहित ही कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन बांग्लादेश में पीड़ित हिंदू परिवारों के प्रति हमारी संवेदना और न्याय की मांग का प्रतीक है।

प्रदर्शन में बजरंग दल जिला संयोजक गीतेश पंडा, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, गौसेवा आयोग सदस्य राजा अग्रवाल, बजरंग दल प्रखंड संयोजक ऋषि ध्रुवंशी, डोमन यादव, सतीश मारखंडे, जगदीश चौहान, युगल दुबे, पंचकुमार योगी, नितिन ध्रुवंशी, भोला नंद, अभय ध्रुवंशी, मालिकचंद खड़िया, शिवम् दड़सेना, धनेश निषाद, दिवाकर नायक, सन्नी नायक, अजय नायक, प्रवीन नायक, तरुण नायक, आदित्यराज पंडा, प्रमोद सिन्हा, डेविड यादव एवं सर्व हिंदू समाज व झलप क्षेत्र बजरंगी उपस्थित रहे।

### हिंदू समाज एक और जागरूक

विहिप बजरंगदल जिला संयोजक गीतेश पंडा ने कहा कि हिंदू समाज एक है, जागरूक है और अन्याय के विरुद्ध मजबूती से खड़ा है। प्रदेश के सभी जिला केंद्रों में विहिप बजरंगदल द्वारा राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौंप कर बांग्लादेश में बर्बर जिहादी, हिंसा और प्रशासनिक निष्क्रियता की निंदा करने, हिंदू विरोधी हिंसा पर रोक लगाने, इनके अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कर उन्हें सजा देने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यों के लिए भय और शोषणमुक्त वातावरण बनाने की मांग की। गौसेवा आयोग सदस्य राजा अग्रवाल ने कहा कि हम समस्त भारतवासी बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ है। निर्दोष हिन्दुओं की हत्या किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है, पूरी दुनिया को यह समझना होगा कि हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ अब चुप्पी नहीं साधी जाएगी। भारत वर्ष के प्रत्येक प्रांतों में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने डेरा जमा रखा है, पहले उन्हें यहां से खदेड़ना होगा। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के ऊपर निशाना साधते हुए राजा अग्रवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर नाइंसाफी सभी के लिए घातक परिणाम सिद्ध हो सकता है। बांग्लादेश का पूरा प्रशासन और समाज हिंसक, बर्बर, इस्लामी-जिहादी तत्वों के हिंदू विरोधी, नंगे-नाच पर मौन साधे हुए है और निष्क्रियता से उन्हें प्रोत्साहित ही कर रहे हैं।

# गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बढ़ाईपाली

- बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

व सोनदादर में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना करते हुए बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश दिया।

ग्राम बढ़ाईपाली व सोनदादर में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन उत्साह और सामाजिक समरसता के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा धृतलहरे, ब्रम्हानंद पटेल, नीतूरानी बांधे, श्यामलाल मन्नाडे, सत्यनंद जेंड्रे, गुलाब साय, वीरेंद्र कुमार ढीढी, लखन सोनवानी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने अपने संबोधन में गुरु घासीदास बाबा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी समाज को सही दिशा देने वाला है। उन्होंने समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नर्मदा कोसरिया, हेमकुमारी कोसरिया, गंगा बघेल, गणेशी सोनवानी, रामकुंवर कोसरिया, दुलौरिन लहरे, चंद्रवती कोसरिया, किरण कोसरिया, डिगेश्वरी कोसरिया, खिलेश्वरी कोसरिया तथा सोनदादर में राधेश्याम मधुकर, कमलेश निराला, नीलकंठ मधुकर, हेमंत मधुकर, राजकुमार मधुकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खट्टी में गुरु घासीदास की जयंती 31 को

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी में संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती 31 दिसंबर बुधवार को मनाई जाएगी। समाज प्रमुख खोप्रसाद टंडन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत शोभायात्रा निकाल कर किया जाएगा। साथ ही सत्य के अंजोर बालिका पंथी पर्टी कड़ेतरा नुआपाड़ा ओडिशा एवं रात्रि में रंग सागर लोक कला बालिका नृत्य गम्मत चरौदा छुरा का कार्यक्रम होगा।

## खल्लारी माता मंदिर परिसर में 2004 के छात्रों ने किया पारिवारिक भेंट मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शासकीय हाईस्कूल तेंदूकोना सन 2004 में एक साथ कक्षा 12वीं के छात्र रहे सभी सहपाठियों ने एक कार्यक्रम का आयोजन खल्लारी माता मंदिर परिसर में किया। जिसमें दूरदराज से आए हुए बिजनेसमैन, सफल कृषक, जनप्रतिनिधि, पुलिस आरक्षक, शिक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर अपने अपने परिवार समेत भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में अपने छात्र जीवन में एक साथ पढ़े और अपने अपने जिम्मेदारी में लग गए। इस भागदौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर यह कार्यक्रम का आयोजन कर बहुत खुशी आनंदित का माहौल रहा। छात्र जीवन के सहपाठियों से मिलकर अपने छात्र जीवन को याद किया। साथ ही बच्चों ने भी परिवारिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आनंद लिया। इस परिवारिक कार्यक्रम में यादों को ताजा करने का एक सुनहरा अवसर मिला। कार्यक्रम में रामबती ठाकुर शामिल नहीं हो सकी। इस दौरान धनंजय साहू, खेलन दीवान, टिकेश्वरी साहू, यामिनी साहू, पूनम साहू, मानसिंह साहू, देवशरण साहू, नेमीचंद पटेल, अश्वनी दीवान, भैय्या राम साहू, चंद्रभान निषाद, डुमेश देवांगन, गोवर्धन भोई, चमन लाल साहू, नंदलाल चक्रधारी समेत परिवारजन मौजूद रहे।

# लीजेंड्स कप पर स्वप्निल ग्लेडिएटर टीम का कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

पिथौरा क्रिकेट अकादमी द्वारा शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित डयूज़ बाल लीजेंट्स कप पर स्वप्निल ग्लेडिएटर ने स्काई राइडर को हराकर जीत दर्ज की। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डा संपत अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल के लिए उमर मायने नहीं रखती, जोश उमंग और लगन होना चाहियए। ऐसे आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है, जिसमें अधिकतर खिलाड़ी 40 वर्षों से अधिक उम्र के है और पूरी ऊर्जा के साथ यहां मैदान में दिख रहे है।

20/20 ओवरों के इस रोमांचक नाईट मैच में सभी की नजरे टिकी हुई थी। स्काई राईडर



की टीम ने ट्रास जीत कर बॉलिंग का निर्णय लिया था। जिसके बाद 20 ओवरों में स्वप्निल ग्लेडिएटर की टीम ने 9 विकेट गवा कर 137 रन बना जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य दिया था, पर स्काई राइडर की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट गवांकर 131 रन ही बना पाये और 6 रनों से स्वप्निल ग्लेडियेटर की टीम ने जीत अपने नाम दर्ज कर ली। स्वप्निल ग्लेडियेटर के कप्तान स्वप्निल तिवारी ने कहा कि यह जीत हमारे सभी खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम की जीत है। पूरी टीम भावना के साथ-साथ पहले से तैयार की गई रणनीति के साथ मैदान में पूरी तैयारी के साथ हमारे खिलाड़ी उतरे थे, जिसका परिणाम हमारी टीम को मिला है। मैच के मैन ऑफ़ दि मैच रविंदर आज़मानी रहे। जीत की ट्राफ़ी लेकर घंटों तक मैदान में विजयी टीम के कप्तान स्वप्निल तिवारी, संदीप अग्रवाल, उमेश वर्मा, रमेश श्रीवास्तव, रविंदर आज़मानी, जय प्रकाश मिश्रा, दुलिकेशन साहू, सुमित अग्रवाल, राजेश चौधरी, सुनील साहू, कोमल महंती, गौतम साहू, दिनेश कालसा, दिनेश साहू, जितेंद्र सोनी, विजय सिदार, घनश्याम नायक ने समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया। इस अवसर में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद आयोजन समिति संयोजक मनमीत रिक्की छाबड़ा, अध्यक्ष दुलिकेशन साहू, लक्ष्मीकांत सोनी, आकाश अग्रवाल, सुधीर प्रधान, विक्की सलूजा, रामलाल पटेल, दुर्गेश सोनी, अविनाश मित्तल, सुरेश ठाकुर, पोलेश मिश्रा, भीमा, अविनाश पटेल, चिरंजीवी सिन्हा, सुनील यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अंडर 14 राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शामिल हुईं योजना

**महासमुंद।** 69वीं एसजीएफआई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 23 दिसंबर तक जिला शहडोल मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की अंडर 14 वर्ष बालिका टीम में जिले से योजना रंगारी पिता विनोद रंगारी, माता सपना रंगारी शामिल हुईं। योजना मां गायत्री विद्या मंदिर इमलीभाठा में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत हैं। राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु एवं राजस्थान से मैच खेला, जिसमें योजना रंगारी ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिले से बास्केटबॉल खेल में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने में योजना सफल रहीं। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन सहित अन्य मौजूद रहे।

### राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ अंतिम टेस्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में आठवां व अंतिम टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में आठवां व अंतिम टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट -3 (भारत का सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन) का टेस्ट हुआ। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें इतिहास, भूगोल, संविधान, आर्थिक सर्वेक्षण, अर्थशास्त्र, विज्ञान, दर्शनशास्त्र, कला संस्कृति, करेंट अफेयर्स, पर्यावरण, एवं छत्तीसगढ़ के सामान्य अध्ययन आदि के प्रश्न पूछे गए थे। आठवां व अंतिम टेस्ट पेपर का निरीक्षण सहायक जिला परियोजना अधिकारी सह नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार कन्नौजे द्वारा किया गया। आठवां व अंतिम टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। साथ ही नवकिरण अकादमी में फाउंडेशन कोर्स बैच की क्लासेस प्रातःकालीन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक क्लास संचालित हो रही है। कोचिंग में प्रवेश प्राप्त करने एवं जानकारी हेतु कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते है।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

प्रतिभा पब्लिक स्कूल में तीन दिवासीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक रखा गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधनिदेशक रुपेश गोयल एवं विशिष्ट अतिथि लक्की शर्मा द्वारा माशाल जलाकार किया गया। इस अवसर पर प्रचार्या विद्या शर्मा, खेल प्रभारी मिथलेस दीवान एवं शिक्षकगण दुर्गेश साहू, शशि चंद्राकर, गुणसागर चंद्राकर, रत्ना साहू, सोहद्रा साहू, शालिनी साहू, चंद्राकला पटेल, लकेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, कोमल बघेल, पुष्पांजलि साहू, मीरा साहू उपस्थित थे।

खेलों में 100 मी, 200 मी, दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, लम्बी कूद, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया तथा अंतिम दिवस समापन एवं पुरस्कार वितरण के दिन मुख्य अतिथि अलका नरेश चंद्राकर ( उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा महासमुंद) एवं जान्हवी साहू एवं विशिष्ट अतिथि बच्चों के पालकगण आबिद



खान, सुरेश चंद्राकर, गीता सोना, नागेश क्षत्रे, जगदीश धीवर, संजय देवांगन, लक्ष्मी चंद्राकर, धर्मेंद्र सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, पारुल सिंग उपस्थित थे।

चंद्राकर ने उत्साह वर्धन करते हुए विजयी खिलाड़ियों को पुरुस्कृत कर उनका उत्साह भी बढ़ाया खिलाड़ियों एवं स्कूल के नन्हे बच्चों को बढ़ चढ़ कर भाग लेने को कहा। खेलों का परिणाम में बालक वर्ग में 100 मी दौड़ में प्रथम सौरभ देवांगन, द्वितीय दीपांशु पटेल, तृतीय आरुष चंद्राकर रहे। बालिका वर्ग में क्रमशः प्रथम गीतांजली दीवान, द्वितीय अंकिता चंद्राकर, तृतीय खुशी ध्रुव रहीं। साथ ही समूह खेलों में कबड्डी-बालिका वर्ग में प्रथम- ब्लू हॉउस, द्वितीय -रेड हॉउस, बालक वर्ग में प्रथम - रेड हॉउस एवं द्वितीय ब्लू हॉउस रहा। साथ ही खो-खो में बालक वर्ग में प्रथम रेड हॉउस, द्वितीय-ब्लू हाउस, बालिका वर्ग में प्रथम-रेड हॉउस, द्वितीय- ब्लू हॉउस रहीं तथा क्रिकेट में ब्लू हाउस। जिसके कप्तान दर्श गोयल उप कप्तान दीप की टीम विजयी रहा। स्कूल की प्राचार्या विद्या शर्मा द्वारा आए हुए अतिथियों, पालकगणों को धन्यवाद विज्ञापित किया गया।

# डीए सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन आज से

**महासमुंद।** महंगाई भत्ता सहित विभिन्न 11 सूत्री मांगों को लेकर राज्यभर के कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में धरना देते हुए सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक एवं प्रवक्ता सिराज बक्श ने बताया कि कर्मचारी अधिकारी राज्य भर में मोदी की गारंटी लागू करो के तहत अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध ढंग से आंदोलनरत है। कर्मचारियों अधिकारियों की प्रमुख मांग है कि केंद्र सरकार के समान कर्मचारी एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान की जाए, एरियाज की राशि जिसे सरकार द्वारा 5 वर्षों से कर्मचारियों को नहीं दिया गया है, जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समय मान वेतनमान दिया जाए। प्रदेश के लिपिक शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने बताया कि आज पर्यंत सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समय मान वेतन नहीं दिया गया है। जबकि, सभी विभागों को दिया जा चुका है। इसी प्रकार अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदी करण मध्य प्रदेश की तर्ज पर 300 दिन किया जाए। दैनिक अनियमित संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए। इन मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन की राह पर अपने तीसरे चरण के आंदोलन में आज पूरे प्रदेश भर में शंखनाद करेंगे। फेडरेशन के संयोजक टेक रामसेन ने बताया कि मोदी की गारंटी की तहत इन मांगों को पूर्ण करने का सरकार द्वारा वादा किया गया था। आज 2 साल बीत जाने के बाद भी सरकार कर्मचारियों अधिकारियों के ऊपर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे कर्मचारियों अधिकारियों में आक्रोश व्याप्त हो चुका है। तत्संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आज से धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन के लिए रणनीति बनाई जा चुकी है। सभी अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन को सफल बनाने के लिए कर्मचारी नेता एवं फेडरेशन के संरक्षक प्रमोद तिवारी, फेडरेशन के महामंत्री तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी, राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष अरूण कुमार प्रधान, महामंत्री नंदकिशोर सिन्हा, पशुधन विकास के जिला अध्यक्ष चिंताराम साहू, लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी एवं मुकेश साहू, वाहन चालक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष मनीष ठाकुर एवं राजेश डड़सेना, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, स्वास्थ्य एवं मैदानी कार्यकर्ता संघ के जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी, राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष राम नारायण चंद्राकर, छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष चमन चंद्राकर एवं हेमेंद्र आचार्य, पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ अशोक गिरी गोस्वामी, छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के जिला अध्यक्ष अविनाश चंद्राकर, लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष उमेश साहू सहित फेडरेशन के सह संयोजक रेखराज शर्मा, उमेश भारती गोस्वामी, कमलेश ध्रुव, डॉ रामकुमार चंद्राकर, एसपी ध्रुव, शिवकुमार साहू, केके चंद्राकर आदि ने अपील की है कि शासन के वादा खिलाफी के लिए धरना स्थल लोहिया चौक में प्रातः 11 बजे अपनी उपस्थिति देते हुए तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन को सफल बनाने के लिए कर्मचारी एकता का परिचय दें। उक्त जानकारी फेडरेशन के कोषाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर एवं दीपक तिवारी, संदीप तिवारी ने दी है।

# कहार भोई समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 02 स्थित मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित कहार भोई समाज के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान साहू ने कहा कि सामाजिक एकता से ही समाज का विकास होता है। आपसी सामंजस्य बनाकर समाज हित में निर्णय लें। इस अवसर पर सभापति जय देवांगन, ईश्वरी भोई, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, समाज अध्यक्ष मनोज यमराज,



योगेश कश्यप सचिव, राधेश्याम सैनिक कोषाध्यक्ष, भुवन लाल अवसरिया महासभा अध्यक्ष, पुष्कर कहार सचिव, गणेश चंद्र गोहिल कोषाध्यक्ष, पद्मा कहार उपाध्यक्ष, महेंद्र अवसर, शिव भोई, तरुण यमराज, उमेंद्र अवसर, रिंकू गौतम, महिला अध्यक्ष लिपिका गौतम, अंतिमा अवसर, स्वाति कश्यप आदि उपस्थित थे।

# मड़वा में धूमधाम से मना त्रिदिवसीय संत गुरु घासीदास जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

माता अमरौतिन की जन्मभूमि ग्राम मड़वा में त्रिदिवसीय संत गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। आयोजन के मुख्य दिन ग्राम मडवा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, श्रद्धालु एवं समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों, मांदर और धार्मिक जयघोष के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में संत गुरु घासीदास के जीवन, उनके विचारों एवं सतनाम पंथ के संदेशों को दर्शाती आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं। श्रद्धालु "सतनाम" के जयघोष के साथ पूरे उत्साह और भक्ति भाव से शोभायात्रा में चलते नजर आए। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधानसभा की विधायक कविता प्राण लहरे विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुईं।

उन्होंने शोभायात्रा में सहभागिता कर संत गुरु घासीदास के सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि संत गुरु घासीदास ने समाज में समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अखाड़ा प्रदर्शन और पंथी नृत्य प्रतियोगिता रहे आकर्षण का केंद्र





### गुरु घासीदास के जीवन दर्शन को नृत्य के माध्यम से किया प्रस्तुत

त्रिदिवसीय जयंती समारोह के अंतर्गत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अखाड़ा प्रदर्शन और पंथी नृत्य प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहे। पंथी कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में संत गुरु घासीदास के जीवन दर्शन को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मुजगहन में 30 को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 दिसम्बर को परंपरागत रूप से मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनभर सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न होंगी। शाम को सांस्कृतिक दल राग अनुराग कला मंच दुर्ग की प्रस्तुति होगी।

### बिरेझर में जयंती मड़ई कल

**जीजामगांव।** ग्राम बिरेझर में इस वर्ष भी सतनामी समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती पर 30 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए अंजोरी रात पंचराम बिरझा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष बुधारू गहिवारे ने दी है।

### 6 को जवरगांव मड़ई

**धमतरी।** ग्राम जवरगांव में ग्रामवासियों के सहयोग से 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए साल्हेटोला का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुनील नेताम, सरपंच लीलाराम साहू, दूजराम साहू ने दी।

### कोर्रा में मड़ई 16 को

**बगदेही।** ग्राम पंचायत कोर्रा में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार को किया गया है। आकाश झूला, मीना बाजार आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहेंगे। रात्रि में कसावाही का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच सरपंच यमुना कामड़े ने दी।

### शोक संतप्त परिवार को दी श्रद्धांजलि योजना की राशि

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 09 अंतर्गत शहीद धर्मेंद्र साव वार्ड निवासी सावित्री साहू पति चुन्नीलाल साहू के आकस्मिक निधन पर नगर पंचायत की वार्ड पार्षद अल्का साव ने शोक संतप्त परिजनों से भेंटकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

## पेज 9 का शेष

### निःशुल्क स्वास्थ्य...

स्टील ट्यूब्स लिमिटेड द्वारा ओटगन में निःशुल्क आई कैंप व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसके लिए हम ग्रामवासी आभारी हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने अपील किया। शिविर में जांच कराने वाले सभी 160 लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर उपसरपंच खेमीन ध्रुव, संभव स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी एमजीके मूर्ति सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा का "मन की बात - टिफिन बैठक के साथ" कार्यक्रम

# किसानों को नीति और योजनाओं से जोड़ा : जिलाध्यक्ष द्वारिका वर्मा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यालय के आह्वान पर रविवार 28 दिसंबर को जिले के एक गांव में "मन की बात – टिफिन बैठक के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम सेमराडीह, जिला बलौदाबाजार में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बलौदाबाजार लक्ष्मी बघेल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए पथ पर अग्रसर है।

■ पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल और पार्टी नेताओं ने विकास योजनाओं का दिया परिचय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अदिति बाघमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं के हित में लगातार काम कर रही है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने 2023 विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को "मोदी की गारंटी" के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कम समय में पूरा किया है। उन्होंने पार्टी के नारे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में मन की बात के जिला संयोजक अनिल बघेल, सरपंच प्रमिला वर्मा, श्यामलाल बाघमार, नोखराम वर्मा, मोहन साहू, राकेश यादव, मोहन मरावी, शिवप्रसाद ध्रुव, जितेंद्र वर्मा, बाबूराम यादव, प्रदीप साहू, मोहन वर्मा सहित ग्राम पंचायत सेमराडीह के पंचगण एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री किसान मोर्चा हेमसिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया।

# ससहा में क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ससहा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ महेन्द्र मोनू साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उद्घाटन मैच से पूर्व मैदान में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

महेन्द्र मोनू साहू ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों की टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में ग्रामवासी, खेल प्रेमी एवं आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। गत दिवस ग्राम कोदवा में बजरंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित किया गया जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रथम स्थान पलारी व द्वीतीय स्थान पर तुलसी तथा तृतीय स्थान पर ग्राम ग्राम कोदवा रहा विजेता सभी विजेता टीमो को महेन्द्र मोनू साहू व उपस्थित अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि कुंदन साहू, रामेश्वर साहू जी उपाध्यक्ष साहू समाज दतान परिक्षेत्र सरोज साहू (शिक्षक) सचिव दतान परिक्षेत्र, थानुराम साहू पंच, पवन साहू पंच, होरीलाल साहू पंच, कप्तान कन्नौजे, नीलकमल खरसे, दिनेश साहू, पिंटू साहू, होरी लाल, राजू साहू, विनोद साहू, डागेश्वर पुच्चू साहू, निखिल विश्वकर्मा, राज पठारी, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

### विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

वही ग्राम घिरघोल में में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि महेन्द्र मोनू साहू ने शामिल होकर ग्राम पंचायत सरपंच विष्णु वैष्णव, उपसरपंच लीलाधर साहू, पूर्व सरपंच हेमकुमार साहू, खोमेश साहू, राहुल चंद्राकर, बलदाऊ साहू आदि के उपस्थिति में विजेता टीमों को पुरस्कृत किये गए।

# स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता एवं सेवा कार्य में दिखाई प्रतिबद्धता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम असौंदा का समापन समारोह आज गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टिकेश्वर मनहरे, अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, अध्यक्षता दुलारी सुरेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, विशिष्ट जितेंद्र चंद्राकर सरपंच, रविन्द्र तुरकाने उपसरपंच, खिलेश्वर जायसवाल प्राचार्य, नेवारन दास गायकवाड़ प्रधानपाठक, रमेश वर्मा प्रधानपाठक प्राथमिक, डिगेश्वरी साहू अध्यक्ष शाला समिति, डागेश्वर प्रसाद वर्मा शिक्षक रहे।

मुख्य अतिथि टिकेश्वर मनहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति एवं सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा यदि समाज की समस्याओं को समझकर सेवा भाव से कार्य करें, तो राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी। अध्यक्षता दुलारी सुरेन्द्र वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जितेंद्र चंद्राकर सरपंच ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक समाज के सच्चे प्रहरी होते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के जनकल्याण के कार्यों में योगदान देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में सेवा को आदर्श बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिविर में सीखे गए अनुभव जीवन भर मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन ने शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। यह शिविर पिछले सात दिनों से सामाजिक जागरूकता एवं सेवा कार्यों को समर्पित रहा, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सतनामी युवक- युवती परिचय सम्मेलन 800 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन खालसा हाई स्कूल परिसर रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें 600 युवती, 200 युवकों ने मंच पर अपना परिचय दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के प्रदेशाध्यक्ष जयबहादुर बंजारे ने कहा कि समिति द्वारा लगातार इस आयोजन का 25 वां वर्ष है। इस वर्ष को रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य समाज के पैसे और समय का बचत करना है। युवक-युवतियों को इस मंच से अच्छे व सच्चे जीवनसाथी मिलते हैं। युवक युवतियों को नए जीवन मे प्रवेश करने के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि वर वधु को ढूंढने में वर्षों लग जाते है। इस मंच के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश में आसानी हो जाती है। 25 वर्षों में अब तक 30000 प्रतिभागियों के पंजीयन हुआ और 8000 रिश्ते जुड़े हैं। साथ ही समिति द्वारा 400 जोड़ो की आदर्श विवाह कराया गया है।

परिचय सम्मेलन में युवतियों ने बिना भय के निसंकोच होकर बेबाकी से अपना परिचय देते हुए कहा कि मुझे शिक्षित, स्वावलंबी, मेरे माता पिता का सम्मान करने वाला लड़का चाहिए। वहीं लड़कों ने भी अपने पसंद की लड़की के संबंध में अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे शिक्षित, संस्कारी, माता पिता की सेवा करने वाली, हर कदम में साथ देने वाली वधू की चाहत है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से संरक्षक सरजू प्रसाद धृतलहरे, फूलचंद घृतलहरे, बी आर बंजारे, जय बहादुर बंजारे, एल एल कोसले, के पी खांडे, एस के सोनवानी, दिनेश खूंटे, पृथ्वीराज बघेल, के के बरमाल, रमेश बंजारे, महेश ढ़ीढ़ी, बबलू त्रिवेंद्र, डी डी भारती, मोहन बंजारे, अंजलि बरमाल, शकुंतला बंजारे, डॉ सुनीता सोनवानी, अनिता गुरूपंच, महेश घृतलहरे, अशोक बंजारे, पप्पू राजेन्द्र बंजारे, सुरेश कुर्रे, जगमोहन घृतलहरे, शकुंतला बंजारे, सुशीला सोनवानी, अनिता गुरुपंच, सपन भारती, द्रौपदी जोशी, गिरिजा पाटले, निशा ओगरे, रजनी डंडे, मीना बंजारे, कलावती बंजारे, चित्रा जांगड़े, ममता टंडन, अमिता खेलवाड़े, राजेश्वरी चंदने, परमेश्वरी त्रिवेन्द्र, लक्ष्मी पुरेना, खिलावन बघेल, मंशाराम कुर्रे सहित समिति के लोग उपस्थित थे।

### युवाओं ने किया रक्तदान

कार्यक्रम में रक्तदान कैम्प का आयोजन भी किया गया था जिसमें युवाओं ने रक्तदान किया और कहा कि आज हम सब ने सहयोग की भावना से रक्त दान किया है आप लोग भी किसी के जीवन बचाने के लिए रक्तदान करे। समिति द्वारा रक्त दान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र और हेलमेट देकर सम्मान किया। रक्तदान करने वालों में जीवन चतुर्वेदी, आकाश सोनवानी, मोहन बंजारे, अश्वनी कुमार त्रिवेन्द्र, देव मिरी, उत्तम सोनवानी, गरिमा टंडन, रितु वर्मा आदि शामिल रहे।

## विधायक इन्द्र साव ने कांग्रेस की ऐतिहासिक उपलब्धियों को किया याद

# कामता में धूमधाम से मना कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम कामता में कांग्रेस पार्टी का 141 वां स्थापना दिवस क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले ने किया। इस अवसर पर विधायक साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आज़ादी की लड़ाई से निकली वह विचारधारा है जिसकी आत्मा गांवों में बसती है। ग्रामीण कार्यकर्ता हमेशा पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप निष्ठा से कार्य करते हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण का ही परिणाम है कि आज वे विधायक बनकर क्षेत्र की सेवा कर पा रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की आज़ादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक कांग्रेस की भूमिका अतुलनीय रही है। कांग्रेस शासनकाल में किसानों का कर्ज माफ किया गया, सिंचाई और कृषि को मजबूती दी गई, बिजली बिल माफी जैसे जनहितकारी निर्णय लिए गए। गरीबों को भोजन का अधिकार मिला, मनरेगा के माध्यम से गांवों में रोजगार सुनिश्चित किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गांव-गांव तक स्कूल, कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए। कांग्रेस ने सुई से लेकर हवाई जहाज तक के निर्माण की मजबूत नींव रखकर देश को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। इस अवसर पर कामता मंडल अध्यक्ष भिखारी गहरे, ढेकुना मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू, सिमगा मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, महामंत्री धन सिंह साहू, गणेश पुरी गोस्वामी, संतोष साहू, सोनू फटाक, सुखदेव पुरी, सरपंच लोमन घृतलहरे, रंजीत सोनवानी, अयूब खान, उपसरपंच डमरू साहू, समेलाल साहू, लाला वर्मा, छोटकू साहू, छबिराम साहू, गणेश बैगा, राजेन्द्र साहू, सुखूराम ध्रुव, राधे साहू, दिनेश साहू, बबलू साहू, महेंद्र वर्मा, श्याम कश्यप, धनेश्वर ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने वर्तमान सरकार पर साधा निशाना

विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसने आज़ादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराया। कांग्रेस सरकारों ने किसानों का कर्ज माफ किया, बिजली बिल माफ किए, भोजन का अधिकार, मनरेगा जैसे कानून बनाए और आधार कार्ड जैसी पहचान दी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इन जनहितकारी संस्थाओं और सेवाओं को निजी हाथों में सौंपने का कार्य कर रही है। उन्होंने गांव-गांव में इन तथ्यों के प्रचार-प्रसार कर पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक साव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को तिरंगा गमछा पहनाकर सम्मानित किया।

# पूर्व सरपंच भामिनी की अनोखी पहल अतिक्रमण रोकने के लिए किया पौधरोपण

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपने कार्यकाल में गांव में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नही होने दिया तथा कई रसूखदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटवा दिया गया। जिसके परिणामस्वरुप किसी ने भी उनके कार्यकाल तक बेजा कब्जा करने का प्रयास नही किया। श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि उनके कार्यकाल के बाद गांव में रसूखदारों द्वारा पुनः बेजा कब्जा करना शुरु कर दिया गया तथा नांदगाव जाने के रास्ते में आइसक्रीम फैक्ट्री के सामने शासकीय जमीन में मिल मालिकों द्वारा बड़ी बिल्डिंग भी बना दिया गया। इधर, बिलवागड्ढा तालाब के ऊपर में बची शासकीय जमीन जिसे मैंने अपने कार्यकाल में गांव के सभी समाजों के लिए मंगलभवन के लिए प्रस्तावित किया था, उसे भी गांव के रसूखदार द्वारा ऑनलाइन अपना नाम चढ़वा कर कब्जा कर लिया गया है। जिसे रोकने में वर्तमान पदाधिकारीगण असफल हो गए। जिसके कारण मैंने अपने पूर्व महिला पंचों एवं विवेकानंद सेवा संस्थान के सदस्यों को साथ लेकर बची शासकीय जमीन में पौधरोपण किया। ताकि, शासकीय जमीन सुरक्षित रहे। भामिनी ने बताया कि रविवार की छुट्टी का सदुपयोग करते हुए सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक लगातार पौधरोपण कर कुल 115 पौधे लगाए। जिसमें आम, जामुन, नीम तथा अगरवुड के पौधे शामिल है। उन्होंने बताया कि उसने अपने स्वयं के खर्चे से सुरक्षा घेरा के लिए पत्थर तथा फेंसिंग भी लगाए। ताकि, पौधे तथा जमीन दोनों सुरक्षित रहे।

**सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा**
26 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 9:00 PM
तु मेरी मै तेरी, मै तेरा तु मेरी
शो समय - 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### तमनार व परसोडिकला की घटना सरकार के तानाशाही रवैये का प्रमाण : विनोद

**महासमुंद।** रायगढ़ के तमनार में उपजे विवाद को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि यह घटना भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये का जीता-जागता प्रमाण है। यहां कोल खदान के खिलाफ दर्जनों गाँवों के हजारों लोग विरोध कर रहे हैं, उसके बाद भी जनभावनाओं के विपरीत जाकर खदान विस्तार के लिए किसानों की जमीन, जंगल को उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। इसी तरह रायगढ़ के ही छाल, सरगुजा के अमेरा ओपनकास्ट खदान, कोरबा के गेवरा में कोल खनन का विरोध ग्रामीण कर रहे हैं। सरकार केवल उद्योगपतियों का समर्थन कर रहा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण अपनी सुरक्षा के लिए आक्रामक रूख अपनाने विवश हो रहे हैं। तमनार ब्लाक में प्रस्तावित गारे-पेलमा कोल ब्लाक की जनसुनवाई का विरोध करने हजारों ग्रामीण एकत्र हुए थे। लेकिन, जनसुनवाई नियत स्थल स्कूल मैदान में न कराकर बंद कमरे में की गई। सरगुजा जिले के लखनपुर विखं के ग्राम परसोडिकला में पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों के बीच हुए टकराव लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। यहां गुजरात की एक निजी कंपनी से सरकारी खदान से कोल उत्खनन कराया जा रहा है। प्रदूषण व पर्यावरणीय क्षति के विरोध में लोग विरोध कर रहे हैं। जिसके बाद उन पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस छोड़े गए। भाजपा की सरकार बाहर की कंपनियों को लाभ पहुंचाने स्थानीय समुदायों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है।

### अटल स्मृति दिवस 30 को

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 दिसंबर को दोपहर 1 बजे गांधी चौक सांकरा में होगा। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विधानसभा प्रभारी शालिनी राजपूत, सरला जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस होंगे। कार्यक्रम में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा तथा उनके विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में कमल डागा संयोजक, बलजीत छाबड़ा, संजय मरकाम, रोहित मोहन साहू अध्यक्ष, दीपक साहू, मोनू साहू जुटे हैं।

## निधन

### लेखराम साहू



लवन । लवन नगर निवासी लेखराम साहू का 28 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी मिट्टी का कार्यक्रम लवन मे रखा गया है। वो पंचराम साहू का छोटा भाई व टेकराम, अशोक साहू के पिता एवं राघोराम, मधुकर, तेजमित्र साहू के चाचा तथा महेंद्र, त्रिवेन्द्र, ओमप्रकाश साहू, के दादा थे।

### नैना देवी सोनी



**भाटापारा।** श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड गंगेश्वर नगर कालोनी निवासी नैना देवी सोनी (55) का 27 दिसम्बर को निधन हो गया। वे विमल कुमार सोनी (वेल्डिंग वाले) की माता जी थी। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम रावणभाटा हिन्दू मुक्ति धाम में किया गया। जिसमें नगर व समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।





**प्रवचन :** केवट संवाद से हुई रामकथा की शुरुआत, अयोध्या वियोग और राजा दशरथ का प्राणत्याग के प्रसंग भी सुनाए

# कौआताल में हुई श्रीराम कथा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

उक्त बातें ग्राम कौआताल में चल रही श्रीराम कथा में कथा वाचक प. सागर महाराज ने कहा। उन्होंने केवट संवाद से आगे कथा सुनाते हुए कहा कि राम के वन जाने का कारण कई है जिसमें पहला कारण भगवान ने यह बताया कि भरत भाई को बड़ा बनाना मै अगर राजा बन जाता तो मैं तो पहले से खड़ा हूं राजा बनने के बाद और बड़ा बन जाता तो हमारी दूरी बढ़ जाती दूसरा कारण वन आने से ऋषि मुनि एवं संतों का दर्शन हो जाए । भगवान राम ने वाल्मीकि जी से अपने रहने का स्थान पूछते है तब वाल्मीकि जी कहते है आप कहा नहीं है प्रभु, लेकिन फिर भी आप रहने का स्थान पूछते है तो उन्होंने चौदह स्थान बताए। भगवान राम को केवट गंगा पार कराते है तो भगवान से कुछ नहीं मांगते बल्कि माता सीता देती है उसको भी नहीं लेते । भगवान राम से चाहे ब्रह्मा जी हो, हनुमान जी, भरत जी,सभी ने कुछ न कुछ मांगे लेकिन केवट जी ने नहीं मांगा । तो लंका से वापस आते भगवान राम ने केवट को उनका मूल स्वरूप प्रदान किया अर्थात केवट की आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाता है । भगवान राम जब चित्रकूट में रुके तो ऋषि मुनि, राजा सभी मिलने आते है और अंत में वहां के कोलभिल भी मिलने आते है और भगवान से कहते है कि यहां भारी जंगल है यहां शेर, भालू हाथी आदि जानवर है उनसे आप डरना मत हम आपके साथ है। इसके बाद आज की कथा में अयोध्या की कथा सुनाते है जिसमें राजा दशरथ राम के वियोग में हा राम कहते हुए प्राण त्याग देते है ।

**रामकथा क्षेत्र के उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़:** कौआताल में चल रही राम कथा में क्षेत्र के श्रद्धालु की भीड़ लग रही है आज कथा सुनने कसडोल के भू.पू. विधायक अरुण कुमार मिश्रा, महेश राम पटेल, उपमन्यु वर्मा, मानसाय साहू, राधेलाल जायसवाल, अभिषेक मिश्रा, चंद्रभूषण मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

## कोसमंदा की कथा में मातृ-पितृ भक्ति का किया वर्णन

**पलारी।** पूरे जगत में माता पिता ही सबसे पूजनीय और मार्गदर्शक होते हैं क्योकि वे निस्वार्थ भाव से जीवन जीने का रास्ता दिखाता है जो इनका तिरस्कार करता है उनके घर कलह और दरिद्रता वास करती है उक्त बातें कोसमंदा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के आठवे दिन वेद व्यास व्यास पर आसीन पंडित पवन कुमार द्विवेदी ने कही। आगे उन्होंने कहा कि जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है इससे लगाव होना चाहिए, हमे अपने मातृभूमि से प्यार करना चाहिए, उन्होंने श्रद्धालुओं को कहा कि यह संसार बहुत ही खूबसूरत है और हर जगह परमात्मा विद्यमान है बस भावना अलग है और हमारे देखने का नजरिया भिन्न है।



हमें बिना किसी को कष्ट दिये मर्यादित और आनंदित होकर जीवन जीना चाहिए क्योंकि संसार को परमात्मा ही चला रहा है। आगे उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का मूल उद्देश्य है सत्य और धर्म को धारण करना है जो इन्हें अपने जीवन मे उतार ले तो फिर उसके जीवन में आनंद ही आनंद है।

पंडित जी ने आगे परीक्षित कथा के बारे में बताया कि राजा परीक्षित संसार रूपी भवसागर को जानने के लिए ध्यान लगाकर बैठ गए हैं। कथा प्रसंग में वराह अवतार, सती चरित्र, देवासुर संग्राम, समुद्र मंथन, श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं बाल लीला, सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष आदि वाचन किया गया । मनसन परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भागवत कथा का रसपान मंत्र मुग्ध होकर कर रहे हैं।

## विनम्रता आने से अहंकार हावी नहीं होते : नंदकुमार

**अर्जुनी।** जब-जब धरती पर पाप और अधर्म का बोलबाला होता है तब तब ईश्वर किसी न किसी रूप मे अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते है। उक्त बातें ग्राम करमदा मे जारी भागवत कथा के दौरान रविवार को आचार्य पंडित



नंदकुमार शर्मा निनवा वाले ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान ने द्वापर युग मे कृष्ण के रूप मे अवतार लेकर आते है। कृष्ण अवतार भगवान का पूर्ण अवतार है हर युग मे भगवान के अवतार का उद्देश्य गौ ब्राह्मण धर्म की रक्षा करने और अधर्म का विनाश करने के लिए होता है। भगवान स्वयं प्रकृति के स्वामी है इसीलिए प्रकृति से प्रभावित नहीं होते और वे माया से परे होते है माया का उन पर नाम मात्र भी असर नहीं होता है।

ईश्वर के अंदर अहंकार, ममता, अविद्या का तनिक भी अंश नहीं होता उनके कर्म अलौकिक होते है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक मकड़ी अपने ही बनाए हुए जाल मे फंस जाती है ठीक उसी प्रकार मनुष्य भी संसार मे कर्म का जाल बनाता है और उसी मे फंस जाता है परंतु भगवान कभी किसी जाल मे नहीं फंसते है वे तो कर्म से सदा अलिप्त रहते है। आगे आचार्य जी ने भगवान कृष्ण के बाल चरित्र लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने मात्र छः दिन की आयु मे ही पूतना राक्षसी को मारा पूतना राक्षसी भगवान को मारने के लिए स्तनपान के बहाने अपने क्षीरसागर मे जहर लगा कर आई थी. आचार्य शर्मा ने कहा कि पूतना ही अविद्या माया है जब मनुष्य के जीवन मे अविद्या माया रूपी पूतना आती है तो वह ईश्वर और उनके अस्तित्व को पहचान नहीं पाती।

### अखंड नवधा रामायण समारोह का 6वां दिन

**बलौदाबाजार ।** अखंड नवधा रामायण समारोह का आज दिनांक 28 दिसम्बर 2025 को 6 वां दिन सम्पन्न राम जानकी मंदिर संजय कालोनी बलौदाबाजार द्वारा आमंत्रित करते हुए कहा है कि अखिल ब्रह्मांड नायक मपुरुषोत्तम रघुकुल नंदन रामचंद्र जी की असीम कृपा से



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया है। आप सभी इष्ट मित्रों श्रोतागण एवं मानस मंडली को आमंत्रित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम रघुनाथ जी की अमृतमयी महिमा को गाकर एवं प्रवचन कर हम बलौदाबाजार नगरवासी को कृतार्थ करें व पुण्य लाभ के भागीदारी बने।

### ज्ञान से मिलता है ईश्वर का सांनिध्य

उन्होंने बताया कि मनुष्य के जीवन मे दो प्रकार की माया होती है एक है विद्या माया और दूसरी है अविद्या माया जब जीवन मे विद्या माया आती है तो वह जीव को ईश्वर के समीप लाती है और अविद्या माया के आने पर जीव को ईश्वर से दूर करने का प्रयास करती है अविद्या माया से बचने के लिए नित्य प्रति भगवान की भक्ति करना चाहिए. आगे कालिया नाग की कथा मे बताया कि भगवान कृष्ण ने यमुना नदी मे कालिया नाग का मर्दन किया उनके फण पर नाच करते हुए उन्हें परास्त किया और उसे रमणक द्वीप भेजा कालिया नाग ही काल का स्वरुप है काल रूपी कालिया नाग से बचना हो तो भगवान के नाम सुमिरन करते रहना चाहिए आगे उन्होंने माखन चोरी गोवर्धन पूजा रास लीला कंस वध की कथा सुनाए ।

### विनम्रता मानव जीवन का अनमोल गुण

भगवान कृष्ण विद्या अध्ययन करने के लिए सान्दीपनि ऋषि के आश्रम मे जाते है वहा सुदामा जी से भगवान की मित्रता होती है भगवान ने विद्या अध्ययन की लीला से संदेश दिया कि जीवन मे विनम्रता लाने के लिए विद्या प्राप्त करनी होगी और जिसके जीवन मे विनम्रता आ जाती है उनका जीवन सुचारू और सरल तरीके से चलती है । विनम्रता मानव जीवन का अनमोल गुण और सुन्दर आभूषण की भांति है। विनम्रता आने पर इंसान के जीवन मे अहंकार हावी नहीं हो पाता, आगे आचार्य जी ने रुक्मणी कृष्ण विवाह की कथा श्रवण कराएं कृष्ण रुक्मणी की अनुपम मंगलमयी झांकी देखकर सभी श्रोतागण रोमांचित होकर झूम उठे।

# पिपरभावना में तीन दिन तक धूमधाम से मना गुरु घासीदास जयंती उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

ग्राम पिपरभावना ते में 24 से 26 दिसंबर तक तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाया गया। जिसमें प्रथम दिन बाजा गाजा के साथ पुरे गांव में शोभायात्रा निकाला गया तत्पश्चात शाम को कलश स्थापना के साथ जैतखाम में ध्वजा एवं पालो चढाया गया।

प्रथम दिन कार्यक्रम का उद्घाटन सुनीति अशोक साहु जनपद सदस्य जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के द्वारा किया गया, द्वितीय दिवस का उद्घाटन विधायक कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ के द्वारा किया गया, तृतीय दिवस का कार्यक्रम का



उद्घाटन श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य दयाराम खुराना, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष टेकलाल साहु, प्रहलाद साहु जिला अध्यक्ष बसपा बलौदाबाजार, एवं वरिष्ठ समाजसेवी एवं दरसराम टंडन के करकमलों से हुआ। तीन दिन तक चले जयंती कार्यक्रम में तीनों दिन पुरे रातभर पंथी नृत्य एवं मंगल भजन के माध्यम से बाबा जी के बताये रास्ते पर जन जागृति हुई। जिसमें बाबा जी द्वारा दिया गया संदेश मानव -मानव एक समान के संदेश को पूरे मानव समाज को आत्मसात करने को कहा गया।

**पंथी नृत्य एवं मंगल गायन की हुई प्रतियोगिता :** कार्यक्रम के अंतिम दिन पंथी नृत्य एवं मंगल गायन के लिए प्रतियोगिता रखा गया था। कार्यक्रम का आयोजन में आयोजन समिति के साथ साथ पुरे गांव के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा । साथ ही पूरे सतनामी समाज के साथ-साथ समस्त ग्रामवासियों का भी भरपूर साथ रहा।

# डीएड योग्यताधारी शिक्षकों को बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद् पंकज अरोड़ा सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ एससीईआरटी संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर शिक्षकों की पदोन्नति के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड के ब्रिज कोर्स हेतु प्रावधान बनाते हुए कराने की मांग की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में व्याख्याता पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था। जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष



शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे। किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित को ही पदोन्नति दी गई है। जिससे हजारों डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हो गए हैं । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, तोमर डोंडे जिला महासचिव, तेज कुमार वैष्णव जिला संयोजक, खेलावन घृतलहरे, दीपक सारंग जिला सचिव, चूड़ामणि साहू, महेंद्र वैष्णव जिला महामंत्री, नागेश्वर पटेल जिला संगठन मंत्री, जनी राम, राजेन्द्र कश्यप, प्रदीप कैवर्त, रामदयाल साहू आदि ने डीएड योग्यताधारी शिक्षकों को शीघ्र बीएड ब्रिज कोर्स कराने और पदोन्नति का लाभ देने की मांग छत्तीसगढ़ शासन और शिक्षा विभाग के सभी उच्च अधिकारियों से की है।

- एनसीटीई के प्रावधान व कोर्ट के निर्णय के बाद हजारों शिक्षक पदोन्नति से हुए वंचित

सेल में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास जी की जयंती

# कलश यात्रा, पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

ग्राम पंचायत सेल में 28 दिसंबर को गुरुघासी दास बाबा का जयंती पर्व पहले कलश यात्रा निकाला गया गांव में पूरा भ्रमण कराया गया। दोपहर 3 बजे कलश यात्रा निकाला। परम पूज्य गुरु घासी बाबा के 269वी जयंती के शुभ अवसर पर जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। पवित्र जैतखाम में शाम 5 बजे पालो चढ़ाया गया। उसके बाद शाम 5 बजे पंथी पार्टी कार्यक्रम हुआ।

शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोककला मंच शिक्षा हे जिंदगी के आधार कार्यक्रम स्थल सड़कपारा सेल



कसडोल जिसके मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, विशिष्ट अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू, पीयूष, आर्यन पैंकरा अध्यक्षता किया, तथा सरपंच ग्राम पंचायत सेल, डॉ. रवि अजगल्ले बीएमओ ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कसडोल, चोवाराम टंडन, राज महंत शिवचरण साय सेवानिवृत शिक्षक, मोहन पुरेना प्रदेश सदस्य, निलूराज साहू जनपद सदस्य सेल, कार्तिकराम बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत पिसीद, बद्री प्रसाद टंडन सरपंच ग्राम पंचायत मटिया, सुरेंद्र दिव्यकार संचालक आद्या हॉस्पिटल कसडोल, सहित समाज के बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# डीघारी में आचार्य उत्कर्ष शर्मा ने कराया कृष्ण भक्ति का रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम डीघारी में जारी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिवस में आचार्य उत्कर्ष शर्मा विविध प्रसंगों को सुनाते हुए रसिकों को कथा रसपान कराए। महाराज जी कथा में सुनाएंगे भगवान श्री कृष्ण अधिकारी बन करके पृथ्वी में आए और जो देवता गर्व से भरे थे उनका गर्व दूर किए। जैसे इंद्र, ब्रह्मा जी, कामदेव तथा अपने भक्ति प्रेम सुख प्रदान किए।

आचार्य जी कृष्ण रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि अगर जीव, भगवान से सच्चा प्रेम करे तो भगवान उनको वरण करने जरूरत आते है जैसे रुक्मणि ने भगवान से सच्चा प्रेम किया भगवान दौड़े आए। रुक्मणि ने भगवान को



देखा नहीं बल्कि नारद जी से उनके गुणों का बखान सुनी जिससे रुक्मणि को प्रेम हो गया। महराज जी ने कहा यही तो नवधा भक्ति है पहले भगवान की कथा सुनी जाती है तब भगवान से प्रेम होकर हम भगवान के बन जाते है। बड़े भव्य रूप से यह भगवत कथा हो रही है महाराज जी सबसे बोले कि अपना जीवन धर्म के नाम चढ़ा दो क्योंकि जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है।